# महाकौशल विकास समिति

पं. क्रं. 1045, दिनांक – 30 मार्च 2002
कार्यालय :– मकान नं. 2419, अलखनंदा टावर के बाजु, गोल चौक, रोहिणीपुरम रायपुर (छ.ग.)
मो.नं. 9826175100, E-mail - mvsraipur@yahoo.in

# वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2021-22

## 01. खेल कार्यक्रम :–


वर्ष 2020-21 में संस्था द्वारा ग्राम पंचायत नवागांव विकास खण्ड-सिमगा, जिला – बलौदा बाजार में क्रिकेट खेल का आयोजन किया गया। जिसमें आस-पास के सभी युवाओं ने मिलकर इस खेल प्रतियोगिता ने भाग लिया। इस खेल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वाले विजेता को 11000 रू. द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 6000रू. एवं तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले विजेता को 3000 रू. नगद राशि एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत के सरपंच श्री रमेश राम साहु द्वारा किया गया साथ ही ग्राम पंचायत के पंचगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में श्री निधि कोमल टण्डन (सभापति जनपद पंचायत सिमगा) मंचस्थ थे। संस्था के प्रबंध संचालक श्री भरत लाल साहू द्वारा युवा शक्ति पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को शासन द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु अपील किया गया। श्री साहू ने युवाओ को भविष्य निर्माण का दर्जा देते हुए उपस्थित युवाओं को धन्यवाद स्थापित किया। तत्पश्चात् संस्था द्वारा खेल-कूद को प्रारंभ करने की घोषणा करते हुए खेलकूद मैदान की ओर प्रस्थान किया। जहां क्रिकेट खेल का आयोजन किया गया।











## 02. नशा मुक्ति अभियान :-

हमारे देश का उज्जल भविष्य युवाओं पर टिका होता है अगर देश की युवा पीढ़ी ही गलत रास्ते में जानी लगे तो निश्चित ही उनका भविष्य अंधकार में चला जाता हैं। हमारे देश का युवा वर्ग को जिन्दगी के हर पहलु को जीने की इच्छा होती है युवा वर्ग नशे को अपनी शान समझते है वे शराब, गुटखा, तम्बाखू, बीडी एवं सिगरेट का नशा करते हैं। उनकी पार्टी नशे के बगैर अधूरी हैं।

मानव जीवन बहुत ही निर्मल होता है मानव जीवन में स्वाविकता, सज्जनता, उदारता और चरित्र का उत्कर्ष होता है वह खुद का ही नहीं बल्कि अपने सम्पर्क में आने वाले का भी उद्धार करता है। इसके विरूद्ध तमासी वृत्तियां मनुष्य को पतनोन्मुखी कराती है उनका मजाक करती है।

इसी कड़ी में नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर संस्था प्रमुख तथा अन्य सहयोगी सदस्यों के द्वारा जन मानस को इस विषय पर जागरूकता करने तथा नशाखोरो को नशा मुक्ति हेतु प्रेरक पहल करके संबंधी क्रियाकलापों में भागीदारी बनकर इस समाज ओर देश को नशा मुक्ति समाज, नशामुक्त देश की परिकल्पना को सार्थक तथा मूर्त रूप देने संबधी पहल करने उद्देश्य से इस प्रकार के प्रेरक पहल हेतु संस्था द्वारा ग्राम पंचायत गब्दी विकासखण्ड - पाटन जिला - दुर्ग में नशा उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच क सहयोग से ग्रामवासियों को एकत्रित कर ग्राम भ्रमण किया गया एवं नशे के कारण होने वाले दुष्प्रभाव से लोगों को प्रचार प्रसार

के माध्यम से अवगत कराया गया । चुंकि आस-पास के क्षेत्र में नशे की संलिप्तता अधिक है इस कारण आस-पास के ग्रामों के ग्रामवासियों को भी आंमत्रित किया गया एवं नशाबंदी किये जाने हेतु अपील किया गया। नशे के कारण समाज में बढ़ रही कुरितियों से अवगत कराते हुए संस्था के सचिव श्री धनसाय सोनवानी ने अवैध शराब बिक्री तथा अन्य प्रकार के नशाखोरी को जड़ से समाप्त करने हेतु दृढ़ संकल्प लेने के लिए अपील किया गया।





## 03. वृक्षारोपण कार्यक्रम :-

संस्था द्वारा ग्राम - कुरूद जिला - धमतरी क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व संस्था की अध्यक्ष श्रीमति सुमन सिंह तोमर व संस्था के प्रबंध संचालक श्री भरत लाल साहु के द्वारा किया गया तथा सभी सदस्यों की सहभागिता रही। कार्यक्रम अंतर्गत ग्रामों का भ्रमण कर पर्यावरण को संतुलन बनाये रखने हेतु प्रचार-प्रसार के माध्यम से वृक्षारोपण किये जाने हेतु विशेष अपील किया गया तथा वृक्षो के लगातार कटाई से वातावरण के संतुलन पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव से अवगत कराया गया। प्रबंध संचालक जी द्वारा ग्राम के युवक-युवतियों, महिलाएं एवं पुरूषो को पौधा वितरण किया गया जिसमें नीम, पीपल, केला, अशोक केला, औषधि प्रजातियां गिलोय, कालमेघ, एलोवेरा, गुडमार, तुलसी, वच, मुनगा, अंश्वगंधा तथा आंवला इत्यादि पौधा का वितरण किया गया साथ ही उन्हे अध्यक्ष महोदया जी द्वारा पर्यावरण को संरक्षण करने हेतु शपथ दिलाया गया। संस्था के सदस्य श्री चंपेश्वर साहु जी अब सभी ने ठाना है हर घर में पेड़ लगाने का नारा देते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।



## 04. अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन :-

संस्था द्वारा 08 मार्च 2022 अंतराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम अंतर्गत महिला सशक्तिकरण हेतु कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत नवागांव, विकासखण्ड - सिमगा, जिला-बलौदाबाजार में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच द्वारा किया गया। आयोजित कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्ष श्रीमति सुमन सिंह तोमर, सचिव श्री धनसाय सोनवानी स्वसहायता समुह के 45 सदस्य तथा आस-पास ग्रामों की महिलाओं की सहभागिता रही। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष महोदया द्वारा महिलाओं को शासन द्वारा चलाये जा रहे, कार्यक्रमों में सहभागीता हेतु भागीदारी सुनिश्चित करने तथा सामाजिक कुरूतियों को दुर करने हेतु दृढ़ संकल्प लेने हेतु अपील किया। आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को सभी क्षेत्रो में नेतृत्व करने की क्षमता वृद्धि पर प्रकाश डाला गया।





## 05. राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम :-

संस्था द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की जयंती १२ जनवरी को ग्राम - नगरी, विकासखण्ड नगरी, जिला - धमतरी अंतर्गत युवा दिवस कार्यक्रम आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के सचिव श्री धनसाय सोनवानी जी एवं अन्य संदस्यों द्वारा किया गया। सचिव महोदय द्वारा ग्राम के युवक-युवतियों को युवा दिवस के अवसर पर स्वरोजगार, शासन द्वारा नई योजनाओं, खेल-कूद, शिक्षा, एवं अपने कौशल उन्नयन के बारे में जानकारी दिया गया। साथ ही संस्था के प्रबंध संचालक श्री भरत लाल साहु जी द्वारा स्वामी विवेकानंद स्वामी में आदर्श की व्याख्या करते हुए ग्राम के युवा-युकतियों को सबोधन करते हुए कहा कि युवा ही देश के भविष्य को बेहतर और स्वस्थ बनाने का क्षमता रखते है। नई-नई तकनीको, योजनाओं के साथ को अपने लक्ष्य एवं कर्त्वय के बारे में प्रेरित किया। संस्था के प्रबंध संचालक महोदय जी द्वारा सफलता प्राप्त करने के लिए अटल धैर्य और दृढ इच्छाशक्ति चाहिए का नारा देते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।



